तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, शनिवार, 12 जुलाई, 2025



11 पूरे प्रदेश में 1.4 लाख से अधिक चश्में बांटेगी सरकार





12 दलित समाज ने अर्धनग्न होकर किया प्रदर्शन




## खबर संक्षेप

### बिजली उपभोक्ताओं की की सुनवाई 14 को

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार जोन के तहत आने वाले जिला हिसार, भिवानी, सिरसा, जींद, चरखी दादरी और फतेहाबाद के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 14 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक मुख्य अभियंता/परिचालन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, विद्युत नगर, हिसार के कार्यालय में की जाएगी। निगम प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में कमेटी उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करेगी। एक लाख से तीन लाख तक की राशि के मामलों की सुनवाई हिसार जोन स्तर पर क्षेत्रीय उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष के रूप में राजेंद्र कुमार सभरवाल करेंगे।

### बिश्नोई आज करेंगे कार्यों का शिलान्यास

**हिसार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई 12 जुलाई को नलवा हलके में अनेक विकास कार्य परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। विधायक रणधीर पनिहार ने बताया कि सुबह 10 बजे वे नलवा हलके के गांव बालावास, 11 बजे देवां, 12 बजे सीसवाला में शुरू किए जाने वाले व पूरे हो चुके कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत 1 बजे वे हिसार स्थित आर्य समाज मंदिर कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

### सुल्फा कसप्लायर को किया जांच में शामिल

**नारनौंद।** सीआईए स्टाफ पुलिस ने एक किलो सुल्फा के असल सप्लायर जितेन्द्र निवासी दिनोदा खुर्द को मामले में शामिल जांच किया गया है। सीआईए स्टाफ के सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि आरोपित जितेंद्र ने 17 फरवरी को रामनिवास निवासी नारनौंद को एक किलो सुल्फा सप्लाई किया था। इसके खिलाफ थाना नारनौंद में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। सीआईए स्टाफ पुलिस ने उच्च न्यायालय के आदेशानुसार आरोपित युवक को मामले में शामिल जांच किया गया है।

### विहिप के बाल संस्कार केंद्र का शुभारंभ

**हिसार।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में केशव प्रखंड के ऋषिनगर में बाल संस्कार केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विहिप की वरिष्ठ कार्यकर्ता ममता सोनी का सान्निध्य मिला। उनके मार्गदर्शन के पश्चात बालक-बालिकाओं ने आचार पद्धति अनुसार पूर्णता मंत्र और जयघोष का भी उच्चारण किया और इसमें सेवा बस्ती का भी प्रतिनिधित्व रहा।

### अग्रवाल सम्मेलन की बैठक 19 को पानीपत में

**हिसार।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन हरियाणा द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का 19 जुलाई को पानीपत में होगी। यह जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता विपिन गोयल ने बताया कि बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग उपस्थित रहेंगे।

### अस्पताल में 20 लोगों को वितरित किए चश्मे

**बरवाला।** स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के दिशा निर्देशानुसार एसएमओ डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, डॉ. गुरदीप सिंह व हेल्थ इंस्पेक्टर विनय कुमार सेतिया की देखरेख में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कम उपमंडल नागरिक अस्पताल बरवाला के प्रांगण में चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हेल्थ इंस्पेक्टर विनय कुमार सेतिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में 40 वर्ष से अधिक उम्र के 20 लोगों को अलग-अलग नम्बरों के चश्मे वितरित किए गए।

---

### वारदात से प्राइवेट स्कूल वाले बिफरे, स्कूल में मर्डर करने के चार आरोपित गिरफ्तार

# प्रिंसिपल की हत्या के बाद स्कूल संचालकों में रोष, अध्यापकों में भय

# डीएसपी को सौंपा ज्ञापन, स्कूलों में सुरक्षा, दोषियों को फांसी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

नारनौंद उपमंडल के गांव बास बादशाहपुर में करतार मैमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बृहस्पतिवार को स्कूल प्रिंसिपल हत्याकांड में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफतार कर लिया है। इससे पहले वारदात को लेकर प्राइवेट स्कूल संघ ने शुक्रवार को हांसी के सभी प्राइवेट स्कूल संचालकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसपी अमित यशवर्धन की अनुपस्थिति उनके नाम डीएसपी विनोद शंकर को ज्ञापन सौंपा। एसपी के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि बास बादशाहपुर के स्कूल करतार मैमोरियल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के निदेशक व प्राचार्य जगबीर सिंह पानू की 10 जुलाई को सुबह कक्षा 12वीं के दो विद्यार्थियों ने तेज धार चाकू से हत्या कर दी। इससे प्रदेश भर के विद्यालयों में स्कूल संचालक /प्राचार्यों में भारी रोष है। ऐसे दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करके फांसी की सजा दिलवाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी हरकत करने से पहले दोषी सोचने पर मजबूर हो जाएं। प्राइवेट स्कूल संघ के प्रधान रविन्द्र अत्री ने कहा कि बृहस्पतिवार को जिस प्रकार एक शिक्षण संस्थान के भीतर दिनदहाड़े एक प्रिंसिपल की बेरहमी से हत्या की गई, उसने पूरे शिक्षा जगत को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि इससे टीचरों में भय का माहौल है।



हांसी। डीएसपी विनोद शंकर को ज्ञापन सौंपते प्राइवेट स्कूल संघ हांसी के प्रधान रविन्द्र अत्री व अन्य



नारनौंद। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की तरफ से एसडीएम को सौंपा ज्ञापन।

#### स्कूल के ही छात्रों ने की थी हत्या

गौरतलब है कि बास बादशाह पुर गांव स्थित करतार मेमोरियल पब्लिक स्कूल के संचालक जगबीर सिंह पानू का बृहस्पतिवार सुबह स्कूल के ही दो छात्रों द्वारा चाकू मार कर मर्डर कर दिया गया था। वारदात को अंजाम देने के बाद से आरोपी फरार हो गए थे। वहीं दोनों आरोपियों ने कुछ देर बाद इंस्टाग्राम पर एक वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें वह किसी अन्य को धमकी देते हुए नजर आ रहे हैं।

#### प्रदर्शन के बाद गिरफ्तारी

ज्ञापन देने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में हांसी के कई नामचीन निजी स्कूलों के प्राचार्य व संचालक शामिल रहे और सभी ने एक सुर में हत्यारों की गिरफ्तारी, कड़ी सजा और शिक्षण संस्थानों की सुरक्षा की मांग की। हालांकि इसके बाद पुलिस ने हत्या करने के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। इस अवसर पर हांसी शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी प्राइवेट स्कूलों के संचालक, प्राचार्य व अध्यापक मौजूद थे।

### नारनौंद : जब तक सुरक्षा नहीं दी जाती तब तक स्कूल रहेगा बंद

**नारनौंद।** बास के करतार मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल जगबीर पानू की हत्या को लेकर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान जगदीश भैरों के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही चेतावनी दी जब तक स्कूल में पुलिस सुरक्षा नहीं दी जाती तब तक स्कूल को बंद रखा जाएगा। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के राज्य प्रधान सत्यवान कुंडू और जगदीश भैरों ने बताया कि स्कूलों में आजकल काफी घटनाएं घट रही है। अध्यापक स्कूलों में छात्रों को अनुशासन सीखने के लिए सख्ती भी करते हैं लेकिन समाज में कुछ असामाजिक चीज ऐसी घटित हो रही है, जिनके कारण आज शिक्षक डर के माहौल में काम कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रवीण गर्ग, राजेंद्र अत्री, प्रदीप पूनिया, बलबीर वर्मा, जयवीर सिंधु, सुनील चहल, राजेश गौतम, सतपाल कौशिक, रविश बुडाना इत्यादि विशेष तौर पर मौजूद थे।

#### » आदमपुर में शिक्षकों ने एकत्रित होकर जताया रोष

**आदमपुर।** जिले के गांव बास में स्कूल संचालक की छात्रों द्वारा चाकू से गोद कर हत्या करने की घटना को लेकर शुक्रवार को मदर्स प्राइड कान्वेंट स्कूल में स्कूल मैनेजमेंट ,प्रधानाचार्य, शिक्षकों तथा छात्रों ने एकत्रित होकर रोष प्रकट किया। स्कूल संचालक धर्मवीर जांगड़ा ने कहा कि संस्कृति की पहचान रखने वाले भारत जैसे देश में ऐसी अप्रिय घटना भारतीय समाज के ऊपर एक कलंक है। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी शिक्षक के बारे में गलत टिप्पणी भी करता है तो उसके लिए सजा का प्रावधान होना चाहिए। प्रधानाचार्य राकेश कौशिक ने कहा कि शिक्षक को अधिकार न मिलने के बावजूद भी समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाता है।

#### » स्कूल में शिक्षक की हत्या, बेहद भयावह : शर्मा

**हिसार।** एमआईएस पोर्टल पंजीकृत प्राइवेट स्कूल संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा सातरोडिया ने बास बादशाहपुर गांव के करतार मेमोरिन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक एवं स्कूल प्रिंसिपल जगबीर सिंह की उसी स्कूल में पढने वाले दो छात्रों द्वारा चाकू घोंप कर हत्या करने को निदंनीय, शर्मनाक घटना बताते हुए इस पर भारी रोष जताया। अनिल शर्मा ने कहा कि इस घटना ने सभी स्कूल संचालकों एवं शिक्षकों को सदमे में डाल दिया है। इन छात्रों का अपराध अक्षम्य है इसलिए सरकार से मांग करते हैं कि इन दोनों छात्रों पर मुकदमा दर्ज करते हुए इन्हें फांसी की सजा दिलवाई जाए ताकि वह समाज में एक सबक बने।

#### » सर्व हरियाणा प्राइवेट स्कूल ट्रस्ट ने की कड़ी निंदा

**हिसार।** गांव बास बादशाहपुर स्थित करतार मेमोरियल स्कूल में प्रिंसिपल जगबीर पानू की दो छात्रों द्वारा चाकू मारकर निर्मम हत्या किए जाने की घटना से पूरा शिक्षा जगत स्तब्ध है। इस अपराध की सर्व हरियाणा प्राइवेट स्कूल ट्रस्ट ने कड़ी निंदा की है और सरकार से तुरंत सख्त कार्रवाई की मांग की है। ट्रस्ट की ओर से आज एक आपातकालीन बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता ट्रस्ट के प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र सेठी ने की। बैठक में जिलाध्यक्ष सतबीर गढ़वाल, प्रदेश सचिव अजीत यादव, ईश्वर इंसां, बरवाला ब्लॉक प्रधान रविंद्र जांगड़ा, अग्रोहा ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण सांखला, शिव कुमार शर्मा, रामफल जलंधरा, राजेश नियाणा, सुभाष खरड़, धर्मबीर सरसौद, होशियार मौजूद रहे।

### कंटेनर से कुचलकर युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

**हिसार।** नजदीकी गांव ढंढूर के पाए हुए हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार युवक दिल्ली-सिरसा रोड पर जा रहा था। जैसे ही वह ढंढूर गांव के समीप पहुंचा तो पीछे से तेज़ रफ्तार में आ रहा एक भारी कंटेनर उसे ओवरटेक करने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान कंटेनर बेकाबू होकर बाइक से टकरा गया और युवक कंटेनर के नीचे आ गया। युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद कंटेनर चालक वाहन को सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गया। कुछ देर बाद राहगीरों ने जब घायल युवक को देखा, तो उसकी सांसें थम चुकी थीं। इसके बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी।

## डीएपी खाद की कमी व बिजली रेट बढ़ाने पर पुतला जलाया



आदमपुर। रोष जताते पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर

डीएपी खाद की कमी व बिजली-पानी की दरें बढ़ाने के विरोध में पगड़ी सभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ने रोष जताया है। समिति के जिला प्रधान सतीश बेनीवाल ने बताया कि आज किसानों को खाद नहीं मिल रही। पर्याप्त नहरी पानी उपलब्ध नहीं है। बिजली दरों में बढ़ोतरी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि 20 जुलाई को हर गांव में प्रदेश सरकार के पुतले जलाएंगे जाएंगे तथा 21 जुलाई को सभी तहसीलों तथा जिला मुख्यालय पर समिति अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सोपेंगी। शुक्रवार को इकाई प्रधान राजेश बेनीवाल व बलराज बेनीवाल की अध्यक्षता में गांव चुली देशवाली में सरकार का पुतला जलाया गया। इस अवसर पर भल्लेराम, सुभाष, सुरेश, देवेंद्र, सुबे सिंह, महावीर, कुलदीप सिहाग, जगतपाल, धर्मवीर मौजूद रहे।

### गुजवि में 14 से लगेंगी नियमित कक्षाएं

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 14 जुलाई से नियमित कक्षाएं लगने लगेंगी। इस संबंध में कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने निर्देश जारी कर दिए हैं। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि सत्र शुरू होने के पहले दिन से कक्षाओं का अनिवार्य रूप से संचालित होना सुनिश्चित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के सभी विभाग इसके लिए तैयार हैं। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय समेस्टर तीन, पांच और सात के लिए कक्षाएं शुरू करने जा रहा है। विद्यार्थियों को भी इस संबंध में सूचित किया जा रहा है।



प्रो. नरसीराम बिश्नोई, कुलपति।

## नगर निगम में अब तीन काउंटर पर प्रॉपर्टी टैक्स जमा होगा, एक पर कागजात जाचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मेयर प्रवीण पोपली ने नगर निगम कार्यालय में स्थित ई-दिशा केन्द्र का किया औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण, सचिव संजय शर्मा मौजूद रहे। सरकार की ओर से 31 जुलाई तक वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रॉपर्टी टैक्स भरने पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, जिसको लेकर शहरवासियों द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने वालों की संख्या बढ़ गई है।

इसके चलते मेयर प्रवीण पोपली ने कैश काउंटर की संख्या बढ़ाने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि अब एक काउंटर पर कागजातों की जांच की जाएगी। तीन काउंटर प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने के होंगे। इसके अलावा एक काउंटर सीनियर सिटीजन के लिए होगा।

उन्होंने कहा कि शहरवासियों को प्रॉपर्टी टैक्स को जमा करवाने को लेकर किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। मेयर बताया कि इसके साथ-साथ नगर निगम के हर प्रकार के कार्यों को तीव्रता से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई को लगभग पांच लाख रुपये शहरवासियों द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाया गया।

#### मेयर प्रवीण पोपली ने किया ई-दिशा केन्द्र का औचक निरीक्षण



हिसार। निरीक्षण करते हुए मेयर प्रवीण पोपली व मौजूद अधिकारी।

---

### स्वास्थ्य मंत्री ने हांसी के लिए की विकास कार्यों की घोषणाएं

# जल्द 100 बिस्तर का होगा नागरिक अस्पताल जर्जर स्वास्थ्य केंद्रों की नई बिल्डिंग बनाएंगे

- मंत्री ने गांव में गंदे पानी की निकासी को लेकर रखी गई समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

उपमंडल के नागरिक अस्पताल को 100 बैड क्षमता का बनाने के लिए जल्द काम शुरू करवाया जाएगा और जिन स्वास्थ्य केंद्रों के भवन जर्जर हो चुके हैं उनकी जगह नई बिल्डिंग बनवाई जाएगी। यह बातें स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह ने केसी फार्म हाउस में आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश की जनता के प्यार और आशीर्वाद से भाजपा लगातार तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनाने में सफल हुई है। यह जनसेवा की हमारी नीतियों और योजनाओं में जनता के विश्वास का प्रमाण है।

इससे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ढाणा खुर्द गांव पहुंची, यहां उनके सामान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया था। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को भी सुना। ग्रामीणों की मांग पर गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की कंडम इमारत की जगह नया भवन बनवाने तथा गांव में गंदे पानी की निकासी को लेकर रखी गई समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



हांसी। ढाणा खुर्द में आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करतीं स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव।

#### सम्मान

### पगड़ी पहनाकर मंत्री का स्वागत

इस दौरान राजपाल यादव, मनदीप मलिक, सात बास खाप प्रधान बलवान सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री को पगड़ी पहनकर स्वागत किया। इस अवसर रामधारी यादव, संतलाल इंदौर, रामकुमार जागलान, अक्षय दुहन संजय महला, जोगिंदर, आजाद सिंह एडवोकेट, ढाणा खुर्द की सरपंच कृष्णा देवी, जमावड़ी गांव के सरपंच सुमेर सिंह यादव, कृष्ण यादव, मंजू, मीना, माढा गांव के सरपंच प्रतिनिधि दीपक सहित काफी संख्या में ग्रामीण व पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हिसार के दीपक होंगे हरियाणा जूनियर रग्बी टीम के कप्तान



हिसार। राष्ट्रीय जूनियर रग्बी के लिए चुनी गई हरियाणा की टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दसवीं राष्ट्रीय जूनियर रग्बी सेवन प्रतियोगिता का आयोजन देहरादून में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के गंगा रग्बी ग्राउंड पर 7 जुलाई से प्रारंभ हुआ है जो 13 जुलाई तक चलेगी। प्रतियोगिता में जूनियर लड़कों के मुकाबले 12 एवं 13 जुलाई को करवाए जाएंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने वाली हरियाणा की टीम का चयन प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन भगत सिंह स्पोर्ट्स अकेडमी चरखी दादरी में किया गया। हिसार रग्बी के प्रधान प्रवीण उड़ान ने बताया कि शिविर से टीम 12 खिलाड़ियों के अलावा तीन सब्सिट्यूट खिलाड़ी एवं कोच व मैनेजर का भी चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि टीम में हिसार से दीपक को कप्तान बनाया गया और पानीपत के कुलवंत को उप कप्तान बनाया गया है। इनके अलावा टीम में हिसार से लक्ष्य, पानीपत से रचित, रितेश, विनय, पंचकूला के हिमांशु, आयुष, चरखी दादरी से साहिल कादयान, अभिमन्यु डागर एवं झज्जर से रुद्र डागर को रखा गया है। सब्सिट्यूट खिलाड़ियों में चरखी दादरी से नितिन सांगवान और अनुज एवं भिवानी से लक्ष्य बूरा को रखा गया है। टीम कोच राजेश तक्षक और टीम मैनेजर नीरज वर्मा होंगे।


दुनिया में सबसे बड़ा सांप अनाकोंडा है, जो 10 मीटर लंबा और 250 किलो वजनी हो सकता है।


दुनिया में सबसे अधिक विविधता वाले जानवर कीड़े हैं, जिनकी 10 लाख से अधिक प्रजातियां हैं।

# फ्री ट्रेनिंग चाहिए तो स्किल इंडिया मिशन से जुड़े



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

जो भी उम्मीदवार स्किल इंडिया मिशन 2024 के तहत फ्री स्किल ट्रेनिंग लेना चाहते है और मनपसंद नौकरी लेना चाहते है तो आज हम आपके लिए इस संबंध में पूरी जानकारी लाए हैं। इस मिशन के तहत ट्रेनिंग पाकर आप भी अपना कैरियर बना सकते हैं। कुछ लोगों को काम करने की इच्छा तो होती है पर उन्हें इस बारे में ज्ञान नहीं होता. आर्थिक स्थिति या अन्य किसी कारण वें अपने लिए मनचाहा रोजगार नहीं खोज पाते। ऐसे में भारत सरकार द्वारा एक बड़ा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसका लाभ उठा कर आप अपने लिए नौकरी ढूंढ सकते है।

## पाएं प्रशिक्षण

अगर आप बेरोजगार हैं और अपने लिए रोजगार खोज रहे हैं तो आपको भी इसके बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। स्किल इंडिया मिशन के तहत आप ट्रेनिंग प्राप्त करके अपने लिए रोजगार के ऑप्शन उत्पन्न कर सकते हैं। इस मिशन के तहत ट्रेनिंग लेने के बाद आपको एक सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा जिसके जरिए आपको आसानी से नौकरी मिल जाएगी। आज के वक्त में नौकरी बहुत जरूरी है ऐसे में आप इस मिशन के तहत प्रशिक्षण पाकर अपने लिए नौकरी ले सकते हैं। सरकार का लक्ष्य भी इस योजना के जरूये युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल और समृद्ध बनाना है।

## यह बेरोजगारी हटाने का कदम

इस योजना की शुरुआत भारत सरकार द्वारा बेरोजगारी युवाओं के लिए की गई है। इस स्कीम के अंतर्गत युवाओं को फ्री में ट्रेनिंग दी जाएगी यानी कि उन्हें कोई भी शुल्क नहीं देना होगा। यानि की पूरी ट्रेनिंग फ्री में होगी। इसके लिए आपको एक भी रूपया नहीं देना है। बेरोजगारी मिटाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम साबित होगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ शर्तें निर्धारित की गई है जिनके अनुसार अगर आप योग्यता रखते हैं तो फ्री में ट्रेनिंग ले सकते हैं। आपको बता दे कि इस योजना के तहत ट्रेनिंग पाने के लिए आप 10वीं या 12वीं पास होने चाहिए और भारत के स्थाई निवासी होने चाहिए।

## ये करना होगा काम



इस योजना का लाभ उठाने के लिए आपको ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होता है। हम हमारे इस आर्टिकल में आपको पूरी जानकारी देंगे कि कौन इस योजना के लिए योग्य है, और आप किस प्रकार आवेदन कर सकते हैं, आवेदन के लिए किन-किन कागजातों की जरूरत होगी इत्यादि। सरकार का लक्ष्य है कि सभी युवाओं का कौशल विकास हो सके ऐसे में सभी युवा और विद्यार्थी इस योजना के तहत ट्रेनिंग पा सकते हैं।

## कई तरह के पाठ्यक्रमों की दी जाती ट्रेनिंग

### नौकरी के अवसर

इस मिशन के तहत उम्मीदवारों को अलग-अलग कोर्सेज के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। ताकि वह किसी भी क्षेत्र में अपने लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सके। आपको बता दे कि भारत सरकार के इस योजना के तहत उम्मीदवारों को इलेक्ट्रॉनिक्स , फर्नीचर , हार्डवेयर , फ़ूड प्रोसेसिंग, कंस्ट्रक्शन , फिटिंग , हडीक्राफ्ट , गेम्स और ज्वेलरी , लेदर टेक्नोलॉजी और 40 अन्य टकेनिकल कोर्सेज की ट्रेनिंग दी जाएगी. इन कोर्सेज की ट्रेनिंग लेने के बाद उनके लिए नौकरी खोजना आसान हो जाएगा।

### जरूरी कागजात

- आधार कार्ड
- वोटर कार्ड,
- पैन कार्ड
- बैंक खाता पासबुक
- मोबाइल नंबर
- पासपोर्ट साइज फोटो

### ट्रेनिंग के लिए योग्यता

- आवेदक भारत का स्थाई निवासी होना चाहिए।
- उम्मीदवार बेरोजगार होना चाहिए। यानी वह कोई भी काम ना करता हो।
- आवेदक को हिंदी और अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना चाहिए।

### पंजीकरण की प्रोसेस

इस योजना में अप्लाई करने के लिए आपको रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरना होगा जिसकी पूरी जानकारी यहां दी गई है। यहां आप फॉर्म भरने की सरल प्रकिया को समझ सकते है और आवेदन कर सकते है। इस मिशन के तहत आवेदन करने के बाद फ्री में प्रशिक्षण ले पाएंगे।

### ये रहेगी आवेदन प्रकिया

- अधिकारीक वेबसाइट पर जाएं। यहां आने के बाद इसके होम पेज पर आपको साइड बार › क्विक लिंक का विकल्प दिखाई देगा।
- रजिस्ट्रेशन के विकल्प को सेलेक्ट करना होगा।
- इसके बाद आवेदन फार्म में आपको मांगे जाने वाली सारी जानकारी को सावधानीपूर्वक भरनी होगी।
- इसके बाद आपको सभी जरूरी दस्तावेजों को इसके साथ अटैच करना होगा।
- लास्ट में सबमिट के बटन को क्लिक करना होगा।

## अब समाज में तेजी से बढ़ रही सामाजिक समस्याएं

# सोशल सेक्टर में बनाएं करियर जॉब के साथ मिलेगी अच्छी सैलरी

जॉब ट्रेंड्स

इस क्षेत्र में समाज सेवा के साथ अच्छी कमाई

करियर डेस्क

देश में जिस तरह से जनसंख्या बढ़ रही है, उसी तरह सामाजिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं और उन्हें दूर करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस वजह से सोशल वर्क का दायरा भी लगातार बढ़ रहा है और साथ में ट्रेंड लोगों की डिमांड भी। जिसके कारण अब युवाओं को इस क्षेत्र में भी अच्दा करियर बनाने का मौका मिल रहा है। जो भी समाज सेवा के साथ अच्छा पैसा कमाना चाहता है, उनके लिए इस सेक्टर में करियर बनाना सबसे फायदेमंद हैं।



## कैसे करें एंट्री

इस सेक्टर में काम करने के लिए किसी खास डिग्री की जरूरत नहीं होती है, लेकिन सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझने के लिए होम साइंस, साइकोलॉजी, सोशियोलॉजी या सोशल साइंस में ग्रेजुएशन के बाद सोशल वेलफेयर, सोशल साइंस में मास्टर्स करना अच्छा रहेगा। भारत में कई इंस्टीट्यूट्स, यूनिवर्सिटीज में इससे संबंधित कोर्स संचालित किए जाते हैं। जहां एंट्रेंस टेस्ट और इंटरव्यू के आधार पर दाखिला मिलता है।



इसके अलावाए एनजीओ मैनेजमेंट का कोर्स भी कर सकते हैं। देश में कई इंस्टीट्यूट्स और यूनिवर्सिटी में एनजीओ मैनेजमेंट से जुड़े कोर्स शुरू हो चुके हैं। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज मुंबई, दिल्ली यूनिवर्सिटी, राजस्थान यूनिवर्सिटी, जामिया मिल्लिया विश्वविद्यालय, सोशल वर्क में डिप्लोमा और डिग्री के कई कोर्स संचालित कर रहे हैं, जहां से आप कोर्स कर सकते हैं।

## वर्क प्रोफाइल क्या

सोशल वर्क की फील्ड में भी अब स्पेशलाइज्ड लोगों की डिमांड बढ़ने लगी है। जो चिकित्सीय और मनोवैज्ञानिक सोशल वर्क के साथ अपराधियों को सुधारने पर आधारित समाज कार्य भी करते हैं, इसके अलावा शहरी और ग्रामीण समुदाय विकास से जुड़े मानव कल्याण के कार्य, पुनर्वास, मानव अधिकार और सामाजिक कर्त्तव्य, प्राकृतिक आपदा में बचाव संबंधित कार्य नशे की लत से मुक्ति दिलाने पर आधारित कार्य और अशिक्षा दूर करने से जुड़े कार्य करना पड़ता है।

## अच्छा करियर ग्रोथ

आज जिस तरह से डिसेबिलिटी, ड्रग्स, डिप्रेशन और बुजुर्गों की समस्याएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए समाजसेवा में युवाओं की काफी दरकार है। सोशल सेक्टर में काम करने वाले प्रोफेशनल्स को लोगों की आर्थिक, सामाजिक और मानसिक समस्याओं को जानना-समझना और फिर उसका हल निकालना होता है। इसे काउंसलिंग, कॉन्फ्रेंस, सेमिनार अवेयरनेस प्रोग्राम्स के जरिए पूरा किया जाता है। इस क्षेत्र में सरकारी और गैर सरकारी, दोनों ही तरह के कार्य होते हैं, जिनमें आप एनजीओ मैनेजर, कम्युनिटी सर्विस प्रोवाइडर, एनजीओ प्रोजेक्ट कॉओर्डिनेटर, एनजीओ ह्यूमन रिसोर्स और फाइनेंस मैनेजर के तौर पर कार्य कर अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

## यहां करना पड़ता है काम

सोशल वर्कर के तौर पर आपको ऑफिस वर्क जैसा काम नहीं करना होता और ये सामान्य तौर पर ऑफिस में बैठकर काम करते भी नहीं। इन्हें अलग-अलग ग्रुप और कम्यूनिटी के साथ जुड़ना होता है। इसके तहत ये हॉस्पिटल, क्लीनिक, एनजीओ, डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट, ओल्डएज होम, हेल्थकेयर फैसिलिटीज, एजुकेशन सेक्टर वगैरह के साथ जुड़कर काम करते हैं।

## जरूरी स्किल्स

इस सेक्टर में कार्य करने के लिए कई स्कील की जरूरत पड़ती है, जिसमें सबसे ज्यादा जरूरी कम्युनिटी या लोगों के साथ मिलकर काम करने का अनुभव है। इसके अलावा कम्युनिकेशन स्किल भी काफी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही, स्थानीय भाषा के साथ-साथ इंटरनेशनल लैंग्वेज की भी जानकारी जरूरी है, क्योंकि कई बार इस फील्ड से जुड़े पेशेवर को इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर कार्य करना पड़ता है। प्रॉब्लम सॉल्विंग एबिलिटी का होना भी जरूरी है। साथ ही, सामाजिक न्याय, समाज के उपेक्षित वर्ग को मेन स्ट्रीम में शामिल करने, वंचित लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के प्रयास करने को लेकर प्रतिबद्ध होना जरूरी है। इसके अलावा, सोशल वर्क की फील्ड में काम करने के लिए आपके पास लोगों के साइकोलॉजिकल, इमोशनल पक्षों की समझ भी होनी चाहिए। आपमें धैर्य और संवेदनशीलता होना बेहद जरूरी है। सकारात्मक बदलाव और सही फैसले लेने की क्षमता भी होनी चाहिए।

## अवसर की भरमार

इस फील्ड में जॉब की काफी संभावनाएं हैं। विकास के नए तौर-तरीकों के चलते हमारे मूल्यों में जिस तरह से गिरावट आ रही है, ऐसे में सोशल सेक्टर की भूमिका काफी बढ़ गई है। जाहिर है नौजवानों के लिए इस क्षेत्र में संभावनाएं बढ़ेंगी। यह ऐसा क्षेत्र है, जहां विदेशों में भी काम के काफी अवसर हैं। नाटो, विश्व स्वास्थ्य संगठन, एमनेस्टी इंटरनेशनल, रेडक्रॉस, ग्रीनपीस, यूनिसेफ, यूनाइटेड नेशन, यूनेस्को, ओसीडीए विश्वबैंक, कॉमनवेल्थ ह्यूमन राइट, एनवॉयर्नमेंट प्रोटेक्शनए यूनाइटेड नेशन एजुकेशनल साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन जैसी नामी संस्थाओं के अलावा कई अन्य संस्थाएं जॉब का मौका देती हैं।



## कैसे बनाएं सोशल मीडिया में करियर, क्या होंगे नौकरी के ऑप्शन और वर्क प्रोफाइल

इन दिनों ऑफबीट करियर ऑप्शंस की डिमांड काफी बढ़ गई है। अब लोग मीडिया में करियर बनाने के साथ ही सोशल मीडिया में भी दिलचस्पी ले रहे हैं। सोशल मीडिया की दुनिया में रोजगार की बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं। ज्यादातर स्मॉल स्केल बिजनेस सोशल मीडिया के जरिए लाखों रुपये कमा रहे हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट हैंडल करने और सोशल मीडिया मार्केटिंग के लिए वह एक्सपर्ट रखते हैं। कई सेलेब्रिटी और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर भी ब्रांड मार्केटिंग, ऐड्स और अकाउंट हैंडल करने के लिए सोशल मीडिया की टीम रखते हैं।

### ट्रेंड्स की जानकारी होना जरूरी

जो लोग घंटों कंप्यूटर या मोबाइल पर काम कर सकते हैं, ग्राफिक्स डिजाइन, ब्लॉग राइटिंग (किसी भी भाषा में) आदि में दिलचस्पी लेते हैं व ऑफबीट क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए सोशल मीडिया बेस्ट है। इसके लिए क्रिएटिव होना और सोशल मीडिया ट्रेंड्स की जानकारी होना सबसे जरूरी है।

### सोशन मीडिया मैनेजर

सोशल मीडिया मैनेजर कंपनी, ब्रांड या किसी प्रमुख संस्थान के सभी सोशल अकाउंट को प्रोफेशनली मैनेज करता है। यह सोशल मीडिया पर कंपनी को आगे ले जाने के नए तरीके अपनाते हैं, जिनसे कंपनी की अच्छी छवि को पॉजिटिव बनाकर रखा जा सके। पीआर, एडवरटाइजमेंट, मार्केटिंग और सोशल नेटवर्किंग के जरिए ऑर्गनाइजेशन की जो सूचनाएं बाहर जाएं, उनमें समानता बनाए रखना इनका काम है।

### सोशल मीडिया एनालिस्ट/स्ट्रैटेजिस्ट

सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट डेटा का विश्लेषण कर कंपनी पॉलिसी बनाते हैं। यह कंपनी को उसकी जरूरत के हिसाब से सोशल मीडिया चैनल का चुनाव करने में मदद करते हैं और ब्रांड्स से संबंधित ग्राहकों को टारगेट करते हैं। सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट मार्केटिंग कैंपेन को ज्यादा असरदार बनाने की कोशिश करते हैं। यह वेबसाइट ट्रैफिक को भी मॉनीटर करते हैं।

### कंटेंट मैनेजर/क्रिएटर

सोशल मीडिया में कंटेंट का मतलब सिर्फ लिखित कंटेंट नहीं होता है। इसमें ग्राफिक्स, वीडियो, ऑडियो भी शामिल होते हैं। यह एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। जहां सोशल मीडिया मैनेजर सोशल मीडिया सॉफ्टवेयर/प्लेटफॉर्म्स के तकनीकी पहलुओं पर ध्यान देते हैं, वहीं कंटेंट क्रिएटर कंटेंट की भाषा, क्वालिटी और अन्य टेक्नीकल बातें देखते हैं। इनके जॉब प्रोफाइल में कॉपीराइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग शामिल हैं।

# सफलता की राह नहीं होती आसान, मेहनत लगन और धैर्य से ही मिलती है कामयाबी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

सफलता एक ऐसा लक्ष्य है, जिसे हर छात्र अपने जीवन में हासिल करना चाहता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि सफलता का रास्ता इतना मुश्किल क्यों होता है? क्यों इसमें कोई आसान शॉर्टकट नहीं होता? जवाब सरल है सफलता वही है जो मेहनत, लगन और धैर्य से प्राप्त होती है। यह एक ऐसी यात्रा है, जिसमें चुनौतियां आपका इम्तिहान लेती हैं, और आपकी दृढ़ता ही आपको मंजिल तक पहुंचाती है। आपकी मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाएगी। सफलता आपका इंतजार कर रही है। जीवन की यात्रा में मेहनत ही वह दीपक है, जो अंधेरे रास्तों को रोशन करता है। महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, “कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन” अर्थात्, तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता मत कर। यह सूत्र हमें सिखाता है कि सच्ची मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती, चाहे परिणाम तुरंत दिखे या नहीं।

## अपनी मेहनत को सत्य और निष्ठा से सींचो

जैसे पांडवों ने कौरवों के अत्याचारों के बीच भी धैर्य और कर्तव्य का पालन किया, वैसे ही तुम भी अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहो। महाभारत का एक और अमर वचन है, “यतो धर्मस्ततो जयः” जहां धर्म है, वहां विजय है। अपनी मेहनत को सत्य और निष्ठा से सींचो, तो सफलता निश्चित रूप से तुम्हारा इंतजार कर रही है। जैसे अर्जुन ने युद्ध के मैदान में संदेह छोड़कर श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन पर भरोसा किया, वैसे ही तुम भी अपने भीतर के संदेह को त्याग दो। हर बूंद पसीने से तुम अपने सपनों का महल बनाते हो। विश्वास रखो, तुम्हारी मेहनत का हर कण अनमोल है, और वह दिन दूर नहीं जब तुम्हारी सफलता तुम्हें गले लगाएगी।

**शॉर्टकट की भ्रांति :** आज के समय में, जहां सब कुछ तेजी से चाहिए तेज इंटरनेट, तुरंत जवाब, और फटाफट नतीजे हम अक्सर सोचते हैं कि सफलता भी शायद किसी शॉर्टकट से मिल जाए। लेकिन सच्चाई यह है कि शॉर्टकट आपको केवल तात्कालिक लाभ दे सकते हैं, स्थायी सफलता नहीं। उदाहरण के लिए, अगर आप परीक्षा में नकल करके पास हो भी गए, तो क्या वह ज्ञान आपको भविष्य में काम आएगा? नहीं, क्योंकि असली सफलता का आधार है आपका ज्ञान, आपकी मेहनत और आपका आत्मविश्वास।

**मेहनतः सफलता की नींव :** छात्र जीवन वह समय है जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। हर बार जब आप देर रात तक पढ़ते हैं, किसी कठिन विषय को समझने की कोशिश करते हैं, या असफलता के बाद फिर से प्रयास करते हैं, आप अपने आप को और मजबूत बनाते हैं। महान वैज्ञानिक थॉमस एडिसन ने कहा था, “मैं असफल नहीं हुआ, मैंने तो बस 10,000 ऐसे तरीके खोजे जो काम नहीं करते।” उनकी यह बात हमें सिखाती है कि असफलता भी सफलता का हिस्सा है। हर बार जब आप गिरते हैं, आप एक नया सबक सीखते हैं, जो आपको मंजिल के और करीब ले जाता है।

**लक्ष्य और अनुशासन :** सफलता का पहला कदम है अपने लक्ष्य को स्पष्ट करना। आप क्या बनना चाहते हैं? डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या कुछ और? अपने सपने को एक कागज पर लिखें और उसे हर दिन देखें। लेकिन केवल सपने देखना काफी नहीं है। अनुशासन वह चाबी है जो आपके सपनों को हकीकत में बदलती है। रोजाना पढ़ाई का समय निश्चित करें, छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं, और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत करें। याद रखें, एक दिन में पहाड़ नहीं चढ़ा जा सकता, लेकिन हर दिन एक कदम बढ़ाने से आप जरूर शिखर तक पहुंचेंगे।

## चुनौतियों का सामना करें

छात्र जीवन में कई चुनौतियां आती हैं पढ़ाई का दबाव, दोस्तों का प्रभाव, या कभी-कभी आत्मविश्वास की कमी। लेकिन ये चुनौतियां आपके रास्ते में रुकावट नहीं, बल्कि सीखने का अवसर हैं। जब आप किसी कठिन सवाल को हल करते हैं, तो न केवल आपका ज्ञान बढ़ता है, बल्कि आपका आत्मविश्वास भी मजबूत होता है। इसलिए, समस्याओं से भागें नहीं, उनका सामना करें। हर चुनौती आपको और बेहतर बनाती है।

**सकारात्मक सोच और धैर्य :** सफलता का रास्ता धैर्य मांगता है। कई बार ऐसा होता है कि मेहनत करने के बावजूद तुरंत नतीजे नहीं मिलते। ऐसे में निराश होना स्वाभाविक है, लेकिन यही वह समय है जब आपको अपनी सकारात्मक सोच को बनाए रखना है। अपने आप से कहें, “मैं कर सकता हूं।” अपने आसपास ऐसे लोगों को रखें जो आपको प्रेरित करें। किताबें पढ़ें, प्रेरणादायक कहानियां सुनें, और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें।

**आपके पास है ताकत :** प्रिय छात्रों, आपके पास वह ताकत है जो आपको दुनिया की किसी भी ऊंचाई तक ले जा सकती है। जरूरत है तो बस उस ताकत को पहचानने की। हर बार जब आप थक जाते हैं, एक गहरी सांस लें, अपने सपनों को याद करें, और फिर से उठकर चल पड़ें। सफलता का रास्ता लंबा हो सकता है, लेकिन हर कदम आपको आपके सपनों के करीब ले जाता है। असली सफलता वही है जो मेहनत, लगन, और धैर्य से मिलती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) स्थायि
(बी) स्थायी
(सी) स्थाई
(डी) स्थाइ

**2.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जलदी
(बी) जल्दी
(सी) ज्लदी
(डी) जल्डी

**3.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्राक्कथन
(बी) प्रक्कथन
(सी) प्राकथन
(डी) प्रकाथन

**4.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) क्षेत्र
(बी) छेत्र
(सी) क्षत्र
(डी) स्वेत्र

**5.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) रसायनिक
(बी) रासायनिक
(सी) रासीनीक
(डी) रसयनिक

**6.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्रतिवादी
(बी) प्रतीवादी
(सी) प्रतीवाडी
(डी) प्रतिवादि

**7.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) उतसव
(बी) उत्सव
(सी) उस्तव
(डी) ऊत्स्व

**8.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जेष्ठ
(बी) ज्येस्ट
(सी) जेठ
(डी) ज्येष्ठ

**9.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अन्तध्यान
(बी) अन्तर्धान
(सी) अन्तरध्यान
(डी) अन्त : ध्यान

**10.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अधम्र
(बी) अधम
(सी) अधर्म
(डी) अधिम

उत्तर 1.(बी) 2.(बी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)9. (बी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप



हिसार। सैंटर प्लाजा 'एक पेड़-मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण करते कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई।

### सेंटर प्लाजा परिसर में पौधरोपण किया

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने कहा है कि पेड़ भी मां की तरह मानव जाति की सुरक्षा करते हैं। पौधारोपण को मां के नाम समर्पित करना भारतीय मूल्यों और परंपराओं का प्रतीक है। अधिक से अधिक पेड़ लगाकर ही हम पृथ्वी को सुरक्षित व रहने योग्य बनाए रख सकते हैं। प्रो. नरसीराम बिश्नोई शुक्रवार को विश्वविद्यालय के बागवानी निदेशालय के सौजन्य से 'एक पेड़-मां के नाम' पौधरोपण अभियान के शुभारंभ के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि अपना संबोधन दे रहे थे। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### भंडारे में आठ दिनों में आए 20 हजार अमरनाथ यात्री

**हिसार।** शिव सेवक मंडल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमरनाथ बाबा का 14वां विशाल भंडारा पंथा चौक, श्रीनगर जम्मू कश्मीर में 3 जुलाई से सुचारु रुप से चल रहा है। हिसार व भिवानी के दर्जनों सेवादार अमरनाथ यात्रियों की सेवा में 24 घंटे लगे हुए हैं। पिछले आठ दिनों में 20 हजार अमरनाथ यात्री भंडारे में भोजन ग्रहण करने आ चुके हैं। मंडल के प्रधान डॉ. महिपाल मुंजाल व सेवादार जगदीश रहेजा ने बताया कि भंडारे में रोजाना लगभग ढाई हजार श्रद्धालु भोजन ग्रहण कर रहे हैं।

### कृषि आउटरीच मेला व शिविर लगाया

**हांसी।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कृषि आउटरीच मेला एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण उद्यमियों को बैंक की विभिन्न वित्तीय योजनाओं एवं ऋण सुविधाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में हिसार कृषि विभाग में डिप्टी डायरेक्टर डॉ. राजबीर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

उनके साथ पंजाब नैशनल बैंक के प्रधान कार्यालय, दिल्ली से मुख्य महाप्रबंधक राकेश गांधी तथा अंचल कार्यालय चंडीगढ़ से उप महाप्रबंधक सुरेश शर्मा मौजूद रहे।

### मानवता की सेवा ही सच्चा धर्म : मिश्रा

**हिसार।** कैमरी रोड पर स्थित अखिल गायत्री शक्तिपीठ एवं संस्कारशाला में गुरु पूर्णिमा के पावन दिवस पर तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ कर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। गुरु पूर्णिमा के पावन दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन कुंडीय महायज्ञ का आयोजन कर धूमधाम से मनाया गया। संस्कारशाला में प्रातः 7 बजे विधिवत रूप से अखण्ड जाप किया गया।

## स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने हिसार से किया उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान का शुभारंभ

# पूरे प्रदेश में 1.4 लाख से अधिक चश्में बांटेगी सरकार, 21 लाख छात्रों की आंखें जांची जाएंगी

■ हमारा लक्ष्य सिर्फ आंखों की रोशनी नहीं, बल्कि हरियाणा के भविष्य को उज्ज्वल बनाना है : आरती राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान का शुभारंभ किया। यह राज्यव्यापी अभियान विशेष रूप से स्कूली बच्चों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराने और 45 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को निकट दृष्टि सुधार प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव ने शुक्रवार को कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बताया कि यह अभियान नेशनल प्रोग्राम फॉर कंट्रोल ऑफ ब्लाइंडनेस एंड विजुअल इम्पेयरमेंट के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसके लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष बजट प्रावधान भी किया गया है। इसके तहत 1.4 लाख से अधिक चश्मों का एक साथ वितरण किया जाएगा, जोकि राज्य के 22 जिला अस्पतालों, 50 उपमंडलीय अस्पतालों और 122 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से किया जाएगा। यह देश में अपनी तरह का सबसे बड़ा और अनूठा अभियान है।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 14 हजार 267 राजकीय स्कूलों में पढ़ रहे लगभग 21 लाख छात्रों की आंखों की जांच की जाएगी, जिनमें से 40 हजार जरूरतमंद छात्रों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए जाएंगे। साथ ही, 50 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की मोतियाबिंद की जांच भी की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें सरकारी या एनजीओ अस्पतालों में निःशुल्क सर्जरी की सुविधा दी जाएगी।



हिसार। बच्चों को निःशुल्क किट वितरित करते कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव।



हिसार। कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव शिविर में आंखों की जांच करवाते हुए।

### स्वस्थ समाज की ओर एक ठोस पहल

राज्य स्तरीय उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान के तहत विभिन्न जिलों में हो रहे कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़ते हुए कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल नेत्र जांच और चश्मा वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि हरियाणा के नागरिकों को आत्मनिर्भर, समान और स्वस्थ समाज की ओर अग्रसर करने की एक ठोस पहल है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ आंखों की रोशनी बहाल करना नहीं, बल्कि हरियाणा के भविष्य को भी उज्ज्वल बनाना है। उन्होंने इस दिन को व्यक्तिगत रूप से भी भावनात्मक बताया और कहा कि यह सपना उन्होंने एक स्वास्थ्य सेवा नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकार के रूप में देखा था।

### मंत्री ने खुद कराई आंखों की जांच

कार्यक्रम के दौरान बच्चों की आंखों के जांच के लिए शिविर भी लगाया गया। शिविर के दौरान नेत्र विशेषज्ञों ने आखों की जांच की। कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव ने भी शिविर में अपनी आंखों की जांच करवाई। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को अपनी आंखों का विशेष ध्यान रखने और केवल शिक्षा उद्देश्यों के लिए ही मोबाइल फोन का प्रयोग करने की अपील की। इस अवसर पर मेयर प्रवीण पोपली, हिसार जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह, स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. ब्रह्मदीप सिंधु, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत, उप सिविल सर्जन डॉ. सुभाष खतरेजा, डॉ. तरूण उपस्थित थे।



हिसार। बच्चों को पौधे वितरित करते हिसार मंडलायुक्त अशोक गर्ग।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं : मंडलायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

राजकीय प्राथमिक पाठशाला टीटीसी हिसार के प्रांगण में शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिसार मंडलायुक्त अशोक कुमार गर्ग शिरकत करते हुए विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया। मंडलायुक्त ने स्कूली छात्रों को पौधें देकर एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा पेड़ लगाकर उसे बड़ा होने तक उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना जरूरी है। धरती पर पौधों की संख्या बढ़ाकर ही हम पर्यावरण प्रदूषण को कम कर सकते हैं। मंडलायुक्त ने कहा कि वातावरण स्वच्छ होगा, तभी हम सब स्वस्थ रह सकते हैं। वातावरण स्वच्छता का सीधा सा नाता पेड पौधों से है। ऐसे में हम सभी को मिलजुल कर पेड़-पौधे लगाकर अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए प्राकृतिक संसाधनों की सौगात देनी होगी।

उन्होंने कहा कि वृक्ष कार्बन डाइआक्साइड लेते हैं और इसके बदले में आक्सीजन छोड़ते हैं। यह आक्सीजन हमारी प्राणवायु है। उन्होंने कहा कि प्रकृति जल, जंगल और जमीन के बिना अधूरी है। उन्होंने कहा कि हमें पौधे लगाने के साथ-साथ इनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। धरती पर मानव जीवन को बचाने और सृष्टि के संरक्षण के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए इस अवसर पर स्कूल प्रवक्ता राजकुमार जांगड़ा, गुरेन्द्र सिंह सहारण, पूजा रानी, सुमन बाला, सुमन, हरिकेश, अनिल कुमार, इंद्रपाल, रामनिवास आदि अध्यापक, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य और अभिभावक और छात्र उपस्थित थे।

## जनस्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता कार्यालय पर शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

■ कार्यकारी अभियंता के कथित अड़ियल रवैये को लेकर कर्मचारियों में रोष : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन की जनस्वास्थ्य विभाग ब्रांच ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर विभाग के डिवीजन नंबर एक के कार्यकारी अभियंता के कैमरी रोड स्थित कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। धरना की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान रमेश शर्मा ने की तथा संचालन ब्रांच सचिव मनोज भांभू ने किया। धरना को संबोधित करते हुए ब्रांच प्रधान रमेश शर्मा ने कहा कि धरने के दौरान कार्यकारी अभियंता कार्यालय में नहीं पहुंची। कई बार लिखित और मौखिक रूप से अवगत करवाने के बावजूद कार्यकारी अभियंता कर्मचारियों की मांगों के समाधान को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रही हैं। उनके अड़ियल रवैये को लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। इसके चलते संगठन को अनिश्चितकालीन धरना शुरू करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन तेज करने को मजबूर होगा।धरना को जिला प्रधान बलवान कालीरामणा, जिला कैशियर मनजीत सिहाग, ब्रांच कैशियर सुनील भुक्कल, ब्रांच चेयरमैन कमल किशोर, शहरी ब्रांच प्रधान लीलूराम, सचिव मनजीत, कैशियर सुरेश पूनिया, उपप्रधान राजकुमार पूनिया, सतपाल, बबलू, नरेंद्र, कपिल, आजाद, रवि, रघुवीर, अनिल, रमेश, विनोद, रमेश फौजी, विशाल, अजय, राजेंद्र, मंदीप, सोनू, योगेश व मोनू आदि ने भी संबोधित किया।



हिसार। धरना पर बैठे जनस्वास्थ्य विभाग कर्मचारी।

## नारनौंद मॉडल स्कूल में 600 पौधे बांटकर हेडमास्टर रामनिवास को दी श्रद्धांजलि

■ कक्षा 6 से 12वीं तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

एसडीएम विकास यादव स्वर्गीय हेडमास्टर रामनिवास लोहान की याद में आयोजित पौधरोपण समारोह के अवसर पर नारनौंद के मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे। इस दौरान नगरपालिका चेयरमैन शमशेर कुकन, प्राचार्य जितेंद्र सोनी व सतीश भोला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के आयोजक अजय लोहान ने बताया कि स्वर्गीय हेडमास्टर रामनिवास लोहान की 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी याद में उपमंडल अधिकारी नारनौंद विकास यादव व अन्य ने नारनौंद विद्यालय के प्रांगण में एक त्रिवेणी लगाई ओर कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चों को 600 पौधे बांटकर पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर एसडीएम विकास यादव ने छात्रों को सफलता हासिल करने के अनेक मंत्र बताएं। इस दौरान डॉ. अजय लोहान ने कक्षा 6 से 12वीं तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले सभी बच्चों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



नारनौंद। स्वर्गीय हेडमास्टर रामनिवास लोहान की याद में बच्चों को पौधे वितरित करते एसडीएम विकास यादव व अन्य।



हिसार। दिव्य भजन संध्या कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

### हैप्पीनेस सेंटर में दिव्य भजन संध्या का आयोजन

**हिसार।** आर्ट ऑफ लिविंग हिसार द्वारा गुरु पूर्णिमा के शुभ उपलक्ष्य पर सामूहिक गुरु पूजा एवं मधुर भजनों से सुसज्जित दिव्य भजन संध्या का आयोजन भव्य स्तर पर हैप्पीनेस सेंटर सेक्टर-14, पार्ट- 2 में किया गया। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि गुरुवार सायंकाल आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर अग्रवाल एवं डॉ. उमेश आर्य द्वारा ॐ नमः शिवाय का जाप द्वारा किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने पवित्र गुरु-पूजा में भाग लिया। डॉ. उमेश ने गणेश वंदना, गुरु वंदन, शिव, कृष्ण, नारायण के भजनों से साधकों को भक्तिमय संगीत की अनंत गहराइयों में सराबोर करते हुए असीम ऊर्जा एवं दिव्यानंद की अलौकिक अनुभूति करवाई। जिला टीचर कोऑर्डिनेटर सुरेश जैन ने इस अवसर पर हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया। कार्यक्रम में कृष्ण पूरी, महावीर अग्रवाल, सुरेश जैन, मंजू पूरी, ईश्वर सैनी, साक्षी अग्रवाल, रजत कुमार, पिंकी अग्रवाल, अनिल वर्मा, अनील शरण, गोविंद बांगा, संजीव अरोड़ा, निशांत, मंजू जैन, सीमा अरोड़ा, जंबिका, रिचा बंसल एवं अनेक श्रद्धालु मुख्य रुप से मौजूद रहे।

## नवनियुक्त हांसी जिला भाजपा कार्यकारिणी की पहली मीटिंग में संगठन मजबूती पर चर्चा हुई

■ नवनिर्मित भाजपा कार्यालय के उद्घाटन को लेकर संगठन सदस्यों की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

भाजपा के संगठनात्मक जिला हांसी की नई जिला कार्यकारिणी की प्रथम बैठक जिला अध्यक्ष अशोक सैनी की अध्यक्षता में नव निर्मित जिला कार्यालय सम्पन्न हुई। जिला अध्यक्ष सैनी ने सभी नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी के सदस्यों का स्वागत किया और नवनिर्मित पार्टी कार्यालय के उद्घाटन समारोह को लेकर ड्यूटियां लगाई। उन्होंने बताया कि 13 जुलाई रविवार को होने वाले नवनिर्मित जिला कार्यालय हांसी के उद्घाटन समारोह जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली रहेंगे। उनके साथ संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, कैबिनेट मंत्री श रणवीर गंगवा, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व सांसद जनरल डीपी वत्स, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, विधायक विनोद भयाना, व जिला प्रभारी दीपक शर्मा उपस्थित रहेंगे।

इस नवनियुक्त जिला महामंत्री धर्मवीर रतेरिया ने 13 जुलाई को होने वाले जिला कार्यालय के उद्घाटन कार्यों की समीक्षा की जिन जिन कार्यकर्ताओं की जहां ड्यूटी लगी है उनके कार्य कहां तक पूर्ण हुए कार्य को तेज गति देने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मुनीश गोयल, देवेन्द्र शर्मा, नीरज देवी, राजकुमार पहल, पवन शर्मा, जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया, बिजेंदर लोहान, जिला सचिव प्रवीन सैनी, सरला नाड़ा, डॉ श्री शर्मा, पूजा, ओमपाल यादव, प्रीति सैन, कोषाध्यक्ष महेश शर्मा, कार्यालय प्रभारी मनजीत मौजूद रहे।



हांसी। नवनियुक्त सदस्यों का स्वागत करते जिला अध्यक्ष अशोक सैनी



हिसार। उत्कृष्ट स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधन।

### लाहौरिया स्कूल के विद्यार्थी एक बार फिर ओलंपियाड में छाए

**हिसार।** सिल्वर जोन ओलंपियाड फाऊंडेशन की ओर से वर्ष 2024-25 में आयोजित की गई परीक्षा में लाहौरिया स्कूल के 280 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें आठवीं कक्षा के हर्षित, हुनर तथा दसवीं कक्षा के गर्वित ने प्रथम चरण की परीक्षा पास करके द्वितीय चरण की परीक्षा में अपना नाम दर्ज करवाकर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने लगभग सभी विषयों की परीक्षा में भाग लिया। उन्हें अपनी विशिष्ट प्रतिभा के आधार पर मेडल तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। नौवीं कक्षा की दिव्यांशी, स्नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक, रुद्रांश ने द्वितीय स्थान प्राप्त करके रजत पदक तथा दक्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त करके कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही दसवीं कक्षा के गर्वित तथा वंश ने प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक जीतकर माता-पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन प्यारेलाल लाहौरिया ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

## मोक्ष वृद्धाश्रम में विद्यार्थियों ने सुनाए गीत व कविताएं, बुजुर्गों ने गाए भजन

■ आर्मी स्कूल के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने आश्रम का अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मोक्ष वृद्धाश्रम का आर्मी स्कूल के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने अवलोकन किया। शिवानी मोंगा व साहिल आर्या के मार्गदर्शन में आर्मी स्कूल के विद्यार्थी कैमरी रोड स्थित मोक्ष वृद्धाश्रम में पहुंचे और उन्होंने बुजुर्गों से मुलाकात करके अपने विचार साझा किए। इंटरेक्शन विद सीनियर सिटीजन अभियान के तहत इस रचनात्मक मुलाकात का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने मोक्ष वृद्धाश्रम के बुजुर्गों की दिनचर्या को समझा और उनका कुशलक्षेम भी जाना। बुजुर्गों से मुलाकात के दौरान विद्यार्थियों ने कविताएं सुनाकर वृद्धजनों के प्रति अपनी भावाभिव्यक्ति भी की।

इसके साथ ही उन्होंने तरानों से समां बांध दिया। इस अवसर पर बुजुर्गों ने भजन सुनाकर माहौल को आध्यात्मिक बना दिया। बुजुर्गों ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए बड़ों का सम्मान और जीवन में सदकार्य करने के लिए प्रेरित किया।



हिसार। मोक्ष वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से मुलाकात करते विद्यार्थी।

## पंचनद शोध संस्थान अध्ययन केन्द्र द्वारा गुजवि में गोष्ठी का आयोजन

# सशक्त राष्ट्र बनाने में स्पेस साइंस की अहम भूमिका होगी: डॉ. गुप्ता

■ वक्ता बोले- भविष्य में भारत द्वारा अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले कैप्टन शुक्ला का अनुभव काम आएगा।

■ देश न अब अपने साथ दूसरे देशों के भी सेटेलाइट हमारे लांचिंग पैड से लॉंच कर रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पंचनद शोध संस्थान अध्ययन केन्द्र, द्वारा गुरू जभेंश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विकसित भारतः आर्यभट्ट से गगनयान की ओर बढ़ते कदम विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में उपरोक्त विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के प्राध्यापक डॉ. विवेक गुप्ता प्रस्तोता के तौर पर उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने की। राज्य सुचना आयुक्त व पंचनद शोध संस्थान के अध्यक्ष डॉ. जगबीर सिंह भी मंच पर उपस्थित रहे।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. विवेक गुप्ता ने बताया कि देश न केवल अत्याधुनिक सेटेलाइट लॉंच कर रहा है बल्कि दूसरे देशों के भी सेटेलाइट हमारे लांचिंग पैड से लॉंच किए जा रहे हैं, जिससे देश आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहा है। एग्जीओम-4 मिशन में भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी शामिल हैं।

भविष्य में भारत द्वारा अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले गगनयान में कैप्टन शुक्ला का अनुभव काम आएगा। कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ. मोहित कुमार ने किया जबकि धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने पारित किया। इस अवसर पर पंचनद शोध संस्थान के सलाहकार ज्ञानचंद बंसल, जिला कार्यवाहक सतीश, लुवास के पूर्व कुलपति प्रो. विनोद वर्मा, डॉ. मोदिता वर्मा, डॉ. रविन्द्र सैनी, शिक्षकगण व शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




हिसार। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए प्रस्तोता डॉ विवेक गुप्ता व अन्य

### स्पेस सेंटर से वैज्ञानिक उन्नति, आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और ग्लोबल नेतृत्व के क्षेत्र में लाभ मिलेंगे

गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. विवेक गुप्ता ने बताया कि देश को स्पेस सेंटर से वैज्ञानिक उन्नति, आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और ग्लोबल नेतृत्व के क्षेत्र में बहुआयामी लाभ मिलेंगे। यह देश को आत्मनिर्भर और वैश्विक विज्ञान के क्षेत्र में महाशक्ति बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। भारत को स्पेस सेंटर (अंतरिक्ष केन्द्र) से कई महत्वपूर्ण और दीर्घकालिक लाभ मिलेंगे। जो न केवल वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्र में बल्कि आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण साबित होंगे।

## खबर संक्षेप



### डीपीएस की तैराक सहमत ने जीता पहला पदक

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की तैराक सहमत सिंहमार ने हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन द्वारा बहादुरगढ़ में आयोजित छह वर्ष से कम आयु वर्ग की राज्य तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का पहला पदक अपने नाम किया है। इसमें पूरे हरियाणा राज्य से प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सहमत ने इस प्रतियोगता में कांस्य पदक अर्जित किया। उल्लेखनीय है कि सहमत ने पिछले वर्ष डिस्ट्रिक्ट स्केटिंग प्रतियोगता में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था।

### सरकारी स्कूल धमाना में पौधरोपण कैंप लगाया

**हिसार।** रोटरी सैंट्रल हिसार क्लब द्वारा गवर्नमेंट मिडल स्कूल धमाना में पौधरोपण कैंप का आयोजन 'एक पेड़ मां के नाम' थीम के साथ शुरू किया गया। रोटरी सैंट्रल हिसार का यह इस मानसून का पहला कैंप है। इस मौके पर सरंपच सुनील यादव, स्कूल प्रिंसिपल सत्यवान वत्स, अनिता, अल्का, संतोष, रामनिवास, सुखबीर के अलावा क्लब की तरफ से प्रधान सुनील मलिक प्रधान, सचिव रवि महता, प्रोजेक्ट चेयरमैन कृष्ण मलिक, संजीव खुराना, संजय रहेजा, राकेश महता, अशोक ग्रोवर, एस.के. महता, वीरेंद्र तनेजा आदि मौजूद रहे।

### बसपा की संगठनात्मक समीक्षा बैठक आज

**हिसार।** बहुजन समाज पार्टी हरियाणा प्रदेश की ओर से जोन वाइज संगठनात्मक समीक्षा बैठकों की श्रृंखला के तहत जोन नंबर-3 की बैठक 12 जुलाई को गुजवि के पास यादव धर्मशाला में होगी। बैठक की जानकारी देते हुए बसपा नेता पवन बलराज सातरोड़ ने बताया कि बैठक में जोन से संबंधित सिरसा, फतेहाबाद, भिवानी, चरखी दादरी, जींद और हिसार जिलों की सांगठनिक गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल शिरकत करेंगे, जबकि अति वशिष्ठ अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य प्रभारी प्रताप सिंह मौजूद रहेंगे।

### भारत विकास परिषद का मेडिकल कैंप कल

**आदमपुर।** भारत विकास परिषद द्वारा सर्वेश अस्पताल हिसार के सहयोग से 13 जुलाई को आदमपुर गोपीराम धर्मशाला में फ्री मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। जानकारी देते हुए परिषद के प्रधान अनिल गोयल ने बताया कि इस दौरान सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ.प्राजक्ता, शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित सिंगल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राशिद खान एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.गुंजन, प्रियंका मरीजों की जांच करेगी तथा जांच के बाद दवाइयां निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इसीजी के अलावा कैंप में बीपी, ब्लड शुगर टेस्ट भी निशुल्क किए जाएंगे।

### जन्मदिन पार्टी के दौरान डीजे बजाने के विवाद में हुई युवक की मौत मामले में सड़क पर उतरे लोग

# दलित समाज ने अर्धनग्न होकर किया प्रदर्शन, एडीजीपी ने दिया एसआईटी बनाने का आश्वासन, पीड़ितों ने नकारा

**परिजनों ने मांग उठाई कि पुलिसकर्मियों पर हत्या का केस दर्ज हो, उसके बाद पोस्टमार्टम होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जन्मदिन पार्टी के दौरान डीजे बजाने के विवाद में हुई एक युवक की मौत मामले में दलित समाज ने नागरिक अस्पताल से एडीजीपी कार्यालय तक अर्धनग्न प्रदर्शन किया। एडीजीपी ने एसआईटी बनाने की बात कही लेकिन परिजनों ने नकार दिया। पिछले चार दिनों से नागरिक अस्पताल में धरने पर बैठे मृतक के परिजनों व समाज के लोगों ने अभी तक युवक गणेश का शव नहीं लिया है और वे न्याय की मांग कर रहे हैं।

दलित समाज के लोगों ने शुक्रवार को नागरिक अस्पताल से एडीजीपी कार्यालय तक अर्धनग्न प्रदर्शन किया। इस दौरान मृतक गणेश के पिता विक्रम और अन्य परिजन भी शामिल रहे। उन्होंने बेटे की मौत पर न्याय की मांग की। दलितों के प्रदर्शन को देखते हुए नागरिक अस्पताल से लेकर एडीजीपी कार्यालय तक पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति पर नजर रखी। फव्वारा चौक पर प्रदर्शन के दौरान दलितों ने नारेबाजी की और पुलिस कर्मचारियों पर केस दर्ज करने की मांग दोहराई। पीड़ित परिवार ने एडीजीपी कार्यालय के सामने दीये भी जलाए। प्रदर्शन के दौरान तहसीलदार व डीएसपी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को अवगत करवाया कि वे ज्ञापन लेने आए हैं। इस पर दलित समाज के लोगों ने कहा कि वे ज्ञापन एडीजीपी को ही देंगे। ऐसा कहते हुए उन्होंने दोनों अधिकारियों को ज्ञापन देने से मना कर दिया।



हिसार। प्रदर्शन करते एससी समाज के लोग। फोटो:हरिभूमि



हिसार। प्रदर्शन को देखते एडीजीपी कार्यालय पर तैनात भारी पुलिस बल। फोटो:हरिभूमि

#### पीड़ितों के अनुसार एडीजीपी ने ये कहा

परिजनों के अनुसार एडीजीपी ने कहा है कि जांच के लिए किसी भी जिले की एसआईटी बना देंगे। एसआईटी जांच करके रिपोर्ट दे देगी, उसके बाद कोई कार्रवाई होगी। पीड़ितों के अनुसार इस पर हमने कह दिया कि हमें पुलिस पर भरोसा नहीं है। हम चाहते हैं पहले आरोपी पुलिस वालों पर केस दर्ज हो। उसके बाद कोई कार्रवाई हो। पीड़ितों के अनुसार एडीजीपी ने कहा केस दर्ज नहीं होगा, चाहे कुछ करो।

#### सोमवार रात को हुआ था विवाद

शहर के 12 क्वार्टर क्षेत्र में सोमवार की रात बर्थडे पार्टी में बीच सड़क पर तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर युवकों और पुलिस कर्मचारियों में झड़प हो गई। पुलिस का आरोप है कि मना करने पर युवकों ने छत से पथराव किया। जब पुलिस उन्हें पकड़ने छत पर पहुंची तो दो युवक नीचे कूद गए। इस दौरान गणेश नाम का 16 साल का नाबालिग युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। गणेश दसवीं कक्षा में पढ़ता था। उधर, पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस द्वारा छत से धक्का देने से गणेश की मौत हुई है।

#### एडीजीपी के बुलावे पर मिली कमेटी

कुछ देर प्रदर्शन के बाद एडीजीपी कार्यालय की ओर से प्रदर्शनकारियों को बातचीत करने व ज्ञापन देने का बुलावा मिला। इस पर दलित संगठनों के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात की मगर बातचीत सिरे नहीं चढ़ी। एडीजीपी ने उन्हें एसटीएफ गठित करके मामले की जांच करवाने की बात कही लेकिन पीड़ितों ने मांग की कि पहले पुलिस कर्मचारियों पर केस दर्ज किया जाए।

#### परिजन बोले हमारी मांग नहीं मानी

धरने में शामिल दलित समाज के लोगों व युवक के पिता विक्रम ने कहा कि दलित समाज के लोगों ने बड़े सभ्य ढंग से आईजी के सामने मांग रखी थी। हमारी यह मांग थी कि हमारा केस दर्ज की जाए और उसके बाद हम पोस्टमॉर्टम करवा देंगे, मगर आईजी ने बात नहीं मानी। हमने बार-बार इसी बात को रखा। हमसे मुआवजे की बात की गई मगर हमने मना कर दिया। हमारी यह मांग है कि हमारी सुनवाई हो। आरोपी पुलिस कर्मियों पर मर्डर का केस दर्ज हो। हमने यह भी कहा कि मीडिया में जो वीडियो चल रही है, जो पुलिस वाले लाठी-डंडों से मार रहे हैं उन पर भी कार्रवाई की जाए।

### फोन व नकदी छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने किरयाना स्टोर संचालक से लूट के मामले में एक आरोपी महेंद्र निवासी शिव कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक कर्मवीर ने बताया कि 5 जुलाई की शाम औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक किरयाना स्टोर पर तीन व्यक्तियों ने मिलकर मोबाइल फोन व नकदी छीन ली थी। इस संबंध में पीड़ित शिव कॉलोनी निवासी शिवकुमार ने थाना अर्बन एस्टेट में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच की गई तो पता चला कि छीनी गई राशि को आरोपियों ने आपस में तीन हिस्सों में बांट लिया था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी महेंद्र से 500 नकद बरामद किए हैं। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। शेष दो आरोपियों की पहचान हो चुकी है।

### भाजपा ओबीसी को दे रही पूर्ण सम्मान : स्वामी

**हिसार।** भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिला महामंत्री बीरबल स्वामी ने कहा है कि भाजपा की सरकार में पिछड़ा वर्ग को पूर्ण रुप से सम्मान दिया जा रहा है। हरियाणा में पार्टी ने मुख्यमंत्री के रुप में पिछड़े वर्ग के व्यक्ति को हरियाणा के इतिहास में पहली बार बैठाया। उसके बाद भी लगातार हो रही नियुक्तियों में भी पिछड़ा वर्ग के लोगों को उपयुक्त स्थान दिया जा रहा है। बीरबल स्वामी ने कहा कि नगर निकाय में जो मनोनीत पार्षदों की नियुक्तियां हुई हैं, उसमें भी पिछड़े वर्ग को महत्व दिया है।



बीरबल स्वामी

## तनिष्क में 'फेस्टिवल ऑफ़ डायमंड्स 2025' का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारत का सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड और टाटा परिवार का एक सदस्य तनिष्क 'फेस्टिवल ऑफ़ डायमंड्स स्पार्कल योर वे' का 2025 का संस्करण पेश कर रहा है। आधुनिक महिला और उनकी कई उज्ज्वल सफलताओं के सम्मान में तनिष्क यह पहल चला रहा है। सिर्फ 15,000 रुपये से शुरू होने वाले प्राकृतिक डायमंड आभूषणों की सोच-समझकर चुनी गयी श्रेणी के साथ यह पहल फैशन चार्ज का नेतृत्व कर रही है। आधुनिक वार्डरोब में हीरों को किस तरह से स्टाइल किया जाता है और उन्हें जिस तरह से संजोकर रखा जाता है।



इस खुशियों को और भी सुनहरा बनाने के लिए तनिष्क हीरो के आभूषणों के एमआरपी पर 20 फीसद तक की सीमित अवधि की छूट दे रहा है। इस ऑफर का लाभ सिर्फ 25 अगस्त तक उठाया जा सकता है। इस उद्योग में चलाए जाने वाले कई प्रमोशन सिर्फ स्टोन या कैरट वैल्यू पर लागू होते हैं, जब कि यह ऑफर पूरे आभूषण पर लागू होता है। अपने लिए या अपने प्रिय व्यक्ति के लिए, हीरों में निवेश करने का सही समय है।

### बहुतकनीकी संस्थान के 15 छात्रों का चयन

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी के टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी विभाग के सत्र 2022-25 के 15 विद्यार्थियों का चयन टेक्सटाइल कंपनियों में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में राहुल, विकास, उदित, सानू, कुंदन, सिया शर्मा, अमन, शुभम, दुष्यंत बावा, अनिल, आदित्य, पवन, राहुल, आदित्य कुमार व सनी है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी परितोष पराशर तथा टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी विभाग के प्रभारी तेजेन्द्र सिंह ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## श्लोकोच्चारण में श्री काली देवी विद्या मंदिर की छात्राओं ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रीमद्भगवद्गीता श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में कुल 12 टीमों ने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

स्कूल प्राचार्या गीता मेहता ने बताया कि प्रतियोगिता में श्री काली देवी विद्या मंदिर, हांसी की छात्रा गीतांशी (कक्षा 10वीं) और भावना (कक्षा 11वीं) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय प्रधानाचार्या गीता मेहता ने शुक्रवार सुबह स्कूल पहुंचने पर विजेता प्रतिभागियों व अध्यापिका गीता नेगी को सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आध्यात्मिकता के साथ-साथ भारत के सांस्कृतिक मूल्यों को आत्मसात करने में अहम भूमिका निभाते हैं।



हांसी। प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को सम्मानित करते आयोजन समिति के सदस्य।

### सिसाय काली रावण की टीम ने जीती प्रतियोगिता

**हांसी।** नशा मुक्ति अभियान के तहत हांसी पुलिस ने खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए गांव सिसाय कालीरावण में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। प्रतियोगिता में गांव सिसाय बोलान, मसुदपूर, लोहारी राघो, सिंघवा, कुम्भा, गगन खेड़ी तथा महजत गांव की टीमों ने भाग लिया। नशा मुक्ति टीम इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच में कुम्भा व सिसाय कालीरावण तथा लोहारी व गगन खेड़ी के बीच बहुत ही कांटे के मैच हुए। तथा फाइनल मैच में गांव गगन खेड़ी और सिसाय कालीरावण की टीमों के बीच जबरदस्त कांटे का मुकाबला हुआ। जिसमें गांव सिसाय कालीरावण की टीम ने फाइनल मैच में गांव सिंघवा की टीम को 27-24 से हराकर कर जीत हासिल की। विजेता टीम को हांसी पुलिस की तरफ से इनाम देकर सम्मानित किया।

## भाजपा ने बिजेंद्र को बनाया जिला महामंत्री, समर्थकों ने किया स्वागत

- पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

भाजपा के नेता बिजेंद्र लोहान को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए हांसी भाजपा जिले का महामंत्री बनाया गया है। इसकी खुशी में कस्बे के गणमान्य लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया और कहा कि उनकी नियुक्ति से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त महामंत्री बिजेंद्र लोहान ने बताया कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसकी पूरी निष्ठा के साथ पूरा करने का काम करेंगे। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी का धन्यवाद किया है। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन शमशेर कूकन, चेयरमैन महावीर शर्मा, शमशेर सैनी, वाइस चेयरमैन सोनू नरवाल, सुनील बैरागी मौजूद रहे।



नारनौंद। महामंत्री बिजेंदर लोहान का स्वागत करते चेयरमैन शमशेर कूकन व अन्य।

## सुनील बैरागी और राजबीर खेड़ी पार्षद मनोनीत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

सरकार की तरफ से नगर पालिका में सुनील बैरागी और राजबीर खेड़ीवाला को पार्षद मनोनीत किया गया है। अब नगर पालिका में पार्षदों की संख्या 18 होगी। जोकि शहर के विकास को और तेज गति देने का काम करेंगे। दोनों भाजपा नेता पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के काफी नजदीकी हैं।

नवनियुक्त मनोनीत पार्षद सुनील बैरागी और राजबीर खेड़ीवाला ने बताया कि सरकार ने उन्हें नगर पालिका में पार्षद मनोनीत करके जो जिम्मेदारी छोटी है उसे वह पूरी निष्ठा के साथ निभाना का काम करेंगे। भाजपा सरकार ने पहली बार चेयरमैन पद का चुनाव सीधे तौर पर मतदाताओं के वोट से चुनने का काम किया है। इससे वह रस्सा कसी खत्म हो गई जो समर्थन के नाम पर चेयरमैन के काम पर रोड़ा अटकाने का काम करते थे।



सुनील बैरागी।



राजबीर खेड़ीवाला।

## गलत लेन में वाहन चलाने पर पुलिस ने सात पर एफआईआर दर्ज की

**हांसी।** सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व सड़क पर होने वाले हादसों से बचाने हेतु लेन चेंज ड्राइविंग के नियमों की उल्लघंना करने वाले 7 वाहन चालको के खिलाफ राष्ट्रीय राजमार्ग सुसंगत धाराओं में मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जान व माल की हानि को रोकने के उद्देश्य से लेन ड्राइविंग व गलत दिशा में ड्राइविंग करने वाले 7 वाहन चालकों के खिलाफ हांसी पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान हांसी पुलिस ने लेन ड्राइविंग के नियमों की अवहेलना कर लापरवाही से गलत लेन में वाहन चलाने के मामलो में 7 वाहन चालकों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग अंकित किए गए है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने लापरवाही से गलत लेन में वाहन चला आमजन की जान को खतरे में डालने, लोक मार्ग में बाधा उत्पन करने के बारे में 7 बड़े वाहन चालको के खिलाफ थाना बास,थाना सदर हांसी और थाना शहर हांसी में मामले दर्ज किए गए हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

### गुरु पूर्णिमा पर अयोजित कार्यक्रम में बोले बजरंग गर्ग

# पीजीएसडी स्कूल में बच्चों को देते हैं अच्छे संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पीजीएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल व बाबा प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट द्वारा गुरु पूर्णिमा पर भव्य कार्यक्रम देर रात तक पीजीएसडी व शिवालय ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग कीअध्यक्षता में हुआ। इसमें मंदिर में पूजा-पाठ व स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा अनेकों धार्मिक प्रस्तुतियां दी और महामंडलेश्वर स्वामी गणेशानंद जी महाराज को याद किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग ने उपस्थिति संस्था के पदाधिकारी, अध्यापक व छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान के बाद गुरु को ही भगवान का दर्जा दिया गया है। गुरु बिना ज्ञान नहीं आता हैं। गुरु बच्चों को उच्च शिक्षा देने के साथ-साथ चरित्र निर्माण करता है। बजरंग गर्ग ने कहा कि पीजीएसडी स्कूल संस्थायों में बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ-साथ बच्चों को अच्छे संस्कार भी दिए जाते हैं। पीजीएसडी में पांच स्कूल के साथ-साथ शहर में सबसे पुराना शिवालय मंदिर बना हुआ है। प्रभु की कृपा से स्कूल हर साल मेरिट पर आता है।



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते पीजीएसडी व शिवालय ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग। फोटो : हरिभूमि

मंच संचालन ओमप्रकाश असीजा ने किया। इस अवसर पर सचिव सुरेंद्र सिंगला, प्रिंसिपल सत्येंद्र गोयल, प्रबंधक ओमप्रकाश असीजा, रामअवतार सिंगल, जगत नारायण, सत्यपाल असीजा, रमेश पटवारी, के के वर्मा, सुभाष बंसल, इंद्र कुमार शर्मा, मनीष कुमार, जगदीश प्रधान, मुख्य अध्यापिका अंगूरी देवी, उमा गर्ग, अनीता गर्ग, मुख्य अध्यापक गंगा प्रसाद मौर्य आदि प्रमुख व्यक्तियों ने अपने विचार रखें।



हांसी। प्रतियोगिता की विजेता छात्रा अपनी बनाई गई ड्राइंग दिखाते हुए।

### एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में बच्चों ने डॉल्फिन बचाओ चित्रकला प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**हांसी।** पर्यावरण संरक्षण व जल जीवों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए सनातन धर्म मॉडर्न पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को छठी से आठवीं कक्षा के छात्रों के लिए डॉल्फिन बचाओ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं से रिया प्रथम स्थान पर और सृष्टि दूसरे स्थान पर रही, इस कार्यक्रम का संचालन कला विभाग अध्यक्ष दीपक सोनी व कला अध्यापिका मीनाक्षी की देखरेख में संपन्न हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋतु सिंह ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा बच्चों की चित्रों में न केवल उनकी कला की झलक दिखी, बल्कि उनकी जागरूक सोच और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता भी नज़र आई। इस कार्यक्रम को प्रबन्धक समिति के प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, कैशियर चन्द्रभान गर्ग और सचिव रजत अग्रवाल ने सराहा और विजेता छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।